रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2741] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 27, 2017/आश्विन 5, 1939
No. 2741] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 27, 2017/ASVINA 5, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 2017

का.आ. 3133(अ).—प्रारूप अधिसूचना भारत के राजपत्र असाधारण में सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1972 (अ), तारीख 2 जून, 2016 द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में किन्हीं व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुक्षाव प्राप्त नहीं हुए थे;

और, नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य मध्य प्रदेश के सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में स्थित है तथा केन्द्रीय भारतीय वन भू क्षेत्र के जैविक और वानस्पतिक गुणों से युक्त 1197.04 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक फैला हुआ है ;

और, अभयारण्य में दो नदियां अर्थात बामनेर और बियरमा अपवाहित होती हैं। अभयारण्य में दो मुख्य नदी तंत्र गंगा और नर्मदा स्वयं जल विभाजक करती हैं। बामनेर और बियरमा उत्तर में बहती है और केन-बेतवा नदी से मिलती है और नदिका डोंगर गांव श्रेणी के दक्षिणी भाग जाती है, दक्षिण में बहती हुई नर्मदा से मिलती हैं ;

और, अभयारण्य के अधिकतर भाग नरसिंहपुर ज़िला में दक्षिणी भाग के अंतर्गत अधिक और कम समतल क्षेत्र है, अभयारण्य में अधिकतर भू भाग पर्वतीय और विरल वृक्षों के साथ घासभूमि के सवाना प्रकार और झाड़-झंखाड़ के सघन अधिक नहीं हैं ;

और, अभयारण्य में प्रचुर जैव-विविधता है और रॉगर और पवर वर्गीकरण के अनुसार श्रेणी "सी6 दक्कन प्रायद्वीप उच्चभूमि जोन" में वर्गीकृत है और पुष्प-विषयक विविधता जिसमें वृक्ष प्रजातियों *(टिक, साजा, अर्जुन, भिरई, बेल, ऑनला* आदि), जड़ी-बूटी *(अलट्रनेनद्रा एसपी, अंड्रोग्रेपिस एसपी, एक्रांथस एसपी, अमरांथस एसपी* आदि) और झाड़ी प्रजातियां *(लानटाना एसपी, क्लोटॉरपिस एसपी*), आरोहक *(क्रिपटोलेपिस बुछाननी, बूटी सुपरबा, कोम्ब्रेटम डेक्ड्रम,* आदि) और घासें *(एनड्रोपोगन एसपी, क्रिसोपोगन एसपी, हेट्रोपोगन एसपी, कनाइनडन एसपी, सनकरस एसपी,* आदि) और बांस प्रजातियां *(डेंड्रोक्लेमस स्ट्रिक्टस और बैमबूसा अरुनदिनसिया)* सम्मिलित हैं;

और, जीव-जन्तु जैव विविधता मांसाहारी में पैंथर, रीछ, जंगली कुत्ता, लकड़बग्घा, भारतीय भेड़िया, भारतीय लोमड़ी, सियार और सांभर, नीलगाय, चिंकारा, चीतल, काला हिरण (परिसर में) और बनैला सूअर शाकाहारी में, पक्षियों (उत्तरी सीखपर, सुरमल, लगलग, जांघिल, ब्लैक इबीस आदि), मछली *(चना एसपी, बारबियो एसपी, डालियो एसपी, लाबियो एसपी* आदि), सरीसृप (मगरमच्छ, नदी रामानंदी कछुआ, ब्लड गुआना आदि) और नौरादेही अभयारण्य में उभयचर की विभिन्न प्रजातियां अभिलिखित है;

और, अभयारण्य के चारों ओर 71 ग्रामों और वनों के अधीन पश्चिमी और उत्तर में दक्षिण सागर प्रभाग, पूर्व और उत्तर में दामोह प्रभाग और दक्षिण में नरसिंहपुर प्रभाग आता हैं और अभयारण्य के पूर्व में बिक्रमपुर व्यवधान के ऊपर लगभग 23 किलोमीटर के साथ दक्षिण में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 की ओर जाता है और बाजार केन्द्र जैसे रहेली, दियोरी और घराकोटा (सागर ज़िला), दामोह, तेंडुखेड़ा और तारादेई (दामोह ज़िला) और बरमन, नरसिंहपुर (नरसिंहपुर ज़िला) के चारों ओर है ;

और, नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण और पारिस्थितिकी की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों और उद्योगों के वर्गो और उनके प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश राज्य में नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 250 मीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार लगभग 291.10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को मिलाकर नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1 किलोमीटर तक का क्षेत्र है और इसका सीमा विवरण **उपाबंध I** पर दिया गया है |

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन मध्य प्रदेश के सागर, दामोह और नरसिंहपुर जिलों में 71 ग्रामों तक फैला हुआ है ।

(3) प्रमुख बिन्दुओं के भू-निर्देशांकों के साथ-साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध II** पर उपाबद्ध है ।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र इसके अक्षांश और देशान्तर के साथ सीमा विवरण क्रमशः **उपाबंध IIIक और IIIख** पर उपाबद्ध है ।

(5) नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य की सीमा और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन के साथ बिन्दुओं के जीपीएस निर्देशांकों का विवरण **उपाबंध IIIग** पर उपाबद्ध है

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी में समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि और बागवानी ;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन सहित पारिस्थितिकी पर्यटन ;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिक और शहरी विकास ;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और इस योजना के साथ मानचित्र लगे होंगे जिनमें विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग की विशेषताओं के ब्यौरे होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित क्रियाकलापों का पालन करेगी तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए, पारिस्थितिकी अनुकूल विकास सुनिश्चित करेगी तथा संवर्धित करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना की सह सीमा होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कृत्यों को करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग–(क)** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा।:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन निगरानी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और संबंधित राज्य विधि तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डारों और स्थानीय सुविधाएं जो पारिस्थितिकी पर्यटन का समर्थन करती है ग्रह वास सहित; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप जो पैरा 4 के अधीन दिए गए हैं:

परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों और विनियमों के अधीन राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में प्रकट होने वाली कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार अभिप्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(ख) वनरोपण और वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों वाले अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, जलसरणी की पहचान की जाएगी और उसमें उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन –**(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयराण्य की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन मार्गदर्शी सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा।

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना का अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है जब तक पर्यटन संबंधी विकास तथा विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार निगरानी समिति के वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा सिफारिश के आधार पर सम्बंधित विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के भीतर कोई नया होटल/रिसार्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाता है।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए तैयार की जाएगी जो ऐसी आंचलिक महायोजना का भाग होगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक, सौंदर्यपरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों और परिवेश की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के रूप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण के लिए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार किया जाएगा। पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अधीन नियम संकलित किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार संकलित किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण साधारणों मानक पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और दिए गए नियम और राज्य सरकार द्वारा अनुबद्ध किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट -** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(क)पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समयसमय पर यथा संशोधित- अधिसूचना सं. का.आ. 1357(आ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; और

अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकार्य रीति में होगा;

(ख)पहचानी गई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ठ का प्रंबंधन सुरक्षित पर्यावरणीय ठोस प्रंबंधन से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट.-** जैव चिकित्सीय परिशिष्ट निम्नानुसार होगा :-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सा. का. नि. 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पहचानी गई तकनिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ठ का प्रंबंधन सुरक्षित पर्यावरणीय ठोस प्रंबंधन से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय संचलन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय संचलन के अनुपालन को निगरानी करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** यान प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार की जाएगी और स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) फरवरी, 2016 में पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को ही अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो।

IndiaCode

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित करेगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री वाले विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(18) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, यदि यह आवश्यक समझती है, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेगी।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणियां
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की देशी आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संन्निर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइलों का निर्माण भी सम्मिलित है; (ख) माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गोविंदरामन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण का प्रचालन होगा ।
2.	प्रदूषण (जल वायु मृदा ध्वनि आदि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग और उद्योगों में विद्यमान प्रदूषण का विस्तार अनुज्ञा नहीं होगी। फरवरी, 2016 में जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त गैर प्रदूषण कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्त्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
8.	पोलिथीन बैगों का उपयोग A	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
9.	जलावन लकड़ियों का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	नई काष्ठ आधारित उद्योग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
11.	मछली पकड़ना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।

ख. विनियमित क्रियाकलाप		
12.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे, अन्यथा नहीं ; परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी भी नए वाणिज्यिक होटल एवं रिसोर्टों को ही अनुज्ञात किया जाएगा अन्यथा नहीं ।
13.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
14.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुख-सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार परिभाषित गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योग; (iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधा भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिकी पर्यटन में जिस में गृह वास भी है सहायक हो; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : (ख) परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ग) एक किलोमीटर से परे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
15.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
16.	वाणिज्यिक बकरी और भेड़ पालन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
17.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
18.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
19.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।

20.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे।
21.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे।
22.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
24.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
25.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ डेयरियों, डेयरी खेती।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण **A**	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
27.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुआ, बोर कुआ, आदि।	विनियमित और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलाप की निगरानी की जाएगी।
29.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन/ जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
30.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
31.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
32.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
33.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है।
38.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
41.	निम्नीकृत भूमि या वन या वास की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
42.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
43.	प्रकृति संरक्षण	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. निगरानी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी प्रभावी के लिए निगरानी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

(1)	आयुक्त, सागर-	अध्यक्ष;
(2)	मुख्य वन संरक्षक, सागर सर्किल-	सदस्य;
(3)	कलक्टर, सागर, दामोह और नरसिंहपुर-	सदस्य;
(4)	प्रभागीय वन अधिकारी /वन क्षेत्र के संरक्षक, विभाग दक्षिण सागर, दामोह और नरसिंहपुर-	सदस्य;
(5)	मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला पंचायत सागर, दामोह और नरसिंहपुर-	सदस्य;
(6)	कार्यपालक इंजीनियर लोक निर्माण विभाग सागर, दामोह और नरसिंहपुर-	सदस्य;
(7)	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए राज्य सरकार द्वारा एक प्रतिनिधि-	सदस्य;
(8)	मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिकी और पर्यावरण क्षेत्र का एक विशेषज्ञ-	सदस्य;
(9)	कार्यपालक इंजीनीयर लोक स्वास्थ्य इंजीनियरी सागर, दामोह और नरसिंहपुर -	सदस्य;
(10)	खनन अधिकारी-सागर, दामोह और नरसिंहपुर -	सदस्य;
(11)	कार्यपालक इंजीनीयर सिंचाई, सागर, दामोह और नरसिंहपुर -	सदस्य;
(12)	राज्य सरकार द्वारा नामर्दिष्ट करने के लिए जैव-विविधता के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(13)	प्रभागीय वन अधिकारी, नौरादेही वन्यजीव प्रभाग, सागर-	सदस्य-सचिव ।

6. निर्देश-निबंधनः-

(1) निगरानी समिति का कार्यकाल 3 वर्ष एवं राज्य सरकार द्वारा नई समिति गठन के लिए होगा।

(2) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को निगरानी करेगी ।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर संबद्ध पार्क उपवन संरक्षक का ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) निगरानी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

IndiaCode

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित किसी आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन रहते हुए होंगे ।

[फा. सं. 25/72/2015-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध – I

पारिस्थितिकी संवेदी जोन और नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य का सीमा विवरण

नौरादेही (वन्यजीव) अभयारण्य के भौगोलिक निर्देशांक

दिशा	निर्देशांक	
	देशांतर	अक्षांश
उत्तर (ए)	79⁰16'25.793"पू	23⁰42'23.821"उ
पूर्व (बी)	79⁰24'43.153"पू	23⁰34'28.537"उ
दक्षिण (सी)	79⁰06'47.153"पू	23⁰05'18.398"उ
पश्चिम (डी)	79⁰03'8.957"पू	23⁰12'11.643"उ

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के भौगोलिक निर्देशांक

दिशा	निर्देशांक	
	देशांतर	अक्षांश
उत्तर (ए1)	79°16'26.497"पू	23°42'56.295"उ
पूर्व (बी1)	79°25'17.149"पू	23°34'29.680"उ
दक्षिण (सी1)	79°06'47.200"पू	23° 4'45.952"उ
पश्चिम (डी1)	79° 2'34.103"पू	23°12'11.553"उ

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भूमि उपयोग

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की चौड़ाई	औसत 1.00 किलोमीटर
पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र	291.10 वर्ग किलोमीटर
पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सम्मिलित आरक्षित वन का क्षेत्र	48.97 वर्ग किलोमीटर
पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सम्मिलित संरक्षित वन का क्षेत्र	47.05 वर्ग किलोमीटर
पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सम्मिलित राजस्व वन का क्षेत्र	195.08 वर्ग किलोमीटर

उपाबंध-II

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची के साथ भौगोलिक निर्देशांक

क्र. सं.	प्रभाग के नाम	ग्राम के नाम	ज़िला	देशांतर	अक्षांश
1	नौरादेही	खजिरिया	सागर	79°21'12.66"पू	23°40'44.46"उ
2	नौरादेही	बेरखारी	सागर	79°16'34.41"पू	23°42'44.71"उ
3	नौरादेही	महुआसेमरा	सागर	79°14'54.72"पू	23°41'7.80"उ
4	नौरादेही	तालसेमरा	सागर	79°14'27.65"पू	23°40'35.14"उ
5	नौरादेही	लातेल	सागर	79°13'52.77"पू	23°39'58.78"उ
6	नौरादेही	बालेह	सागर	79°13'4.77"पू	23°38'38.22"उ
7	नौरादेही	सलरा	सागर	79°13'18.67"पू	23°37'56.85"उ
8	नौरादेही	गुदाखुर्द	सागर	79°11'47.58"पू	23°37'19.93"उ
9	नौरादेही	गुदाकलान	सागर	79°11'17.51"पू	23°37'53.04"उ
10	नौरादेही	गोपालपुरा	सागर	79°10'37.07"पू	23°37'21.43"उ
11	नौरादेही	बगासपुरा	सागर	79° 9'44.13"पू	23°36'25.08"उ
12	नौरादेही	छिरारी	सागर	79° 8'46.41"पू	23°35'2.41"उ
13	नौरादेही	हिनोती	सागर	79°10'55.36"पू	23°33'36.93"उ
14	नौरादेही	हरदुआ	सागर	79°10'16.39"पू	23°33'16.44"उ
15	नौरादेही	बेनहारी	सागर	79° 9'13.08"पू	23°33'36.32"उ
16	नौरादेही	चनगुवान	सागर	79° 9'44.65"पू	23°33'5.27"उ
17	नौरादेही	सिमरिया	सागर	79° 9'11.33"पू	23°32'19.31"उ
18	नौरादेही	सरखेड़ा	सागर	79° 7'54.86"पू	23°31'24.29"उ
19	नौरादेही	दुहरिया मोहली	सागर	79° 7'47.56"पू	23°30'34.27"उ
20	नौरादेही	मोकला	सागर	79° 5'30.41"पू	23°28'59.12"उ
21	नौरादेही	कुसमी	सागर	79° 5'49.74"पू	23°27'0.51"उ
22	नौरादेही	सुना	सागर	79° 7'8.47"पू	23°27'54.25"उ
23	नौरादेही	नेगुवान	सागर	79° 8'19.91"पू	23°29'43.91"उ
24	नौरादेही	कथोटिया	सागर	79° 8'9.81"पू	23°27'52.69"उ
25	नौरादेही	हरदुली	सागर	79° 6'6.34"पू	23°16'53.67"उ
26	नौरादेही	जमुनिया	सागर	79° 4'33.41"पू	23°15'17.49"उ
27	नौरादेही	मझगुवान	सागर	79° 4'9.13"पू	23°14'41.07"उ
28	नौरादेही	खानपुर	सागर	79° 3'23.88"पू	23°13'44.17"उ
29	नौरादेही	सररा	सागर	79° 6'30.90"पू	23°18'38.95"उ
30	नौरादेही	बीना	सागर	79° 5'26.67"पू	23°21'52.22"उ
31	नौरादेही	ईश्वरपुर	सागर	79° 6'28.66"पू	23°21'8.77"उ
32	नौरादेही	पुरेना	सागर	79° 5'48.19"पू	23°19'25.84"उ
33	नौरादेही	सररा दलपत	सागर	79° 5'33.41"पू	23°18'44.08"उ
34	नौरादेही	कुरहया	सागर	79° 6'8.96"पू	23°18'10.62"उ


indiacode

35	नौरादेही	चिरई	दामोह	79°22'33.10"पू	23°38'42.65"उ
36	नौरादेही	मंकागांव	दामोह	79°21'56.57"पू	23°37'4.65"उ
37	नौरादेही	हिनोती	दामोह	79°19'30.81"पू	23°35'22.10"उ
38	नौरादेही	मुरई	दामोह	79°20'15.44"पू	23°34'28.28"उ
39	नौरादेही	अमतिकलान	दामोह	79°20'6.53"पू	23°33'47.30"उ
40	नौरादेही	खागर	दामोह	79°21'34.87"पू	23°36'35.58"उ
41	नौरादेही	मौजाकलान	दामोह	79°21'6.19"पू	23°35'44.13"उ
42	नौरादेही	सुहेला	दामोह	79°22'54.05"पू	23°34'41.98"उ
43	नौरादेही	जमुनिया	दामोह	79°24'29.74"पू	23°35'6.12"उ
44	नौरादेही	सोमखेड़ा	दामोह	79°24'15.68"पू	23°34'4.79"उ
45	नौरादेही	दुहली	दामोह	79°22'0.99"पू	23°31'19.30"उ
46	नौरादेही	गौरी	दामोह	79°21'59.72"पू	23°31'28.68"उ
47	नौरादेही	सुरादेही	दामोह	79°22'9.97"पू	23°30'50.62"उ
48	नौरादेही	मगाबिहेर	दामोह	79°22'5.71"पू	23°30'34.03"उ
49	नौरादेही	नयाखेड़ा	दामोह	79°22'12.41"पू	23°30'22.03"उ
50	नौरादेही	झापान	दामोह	79°22'17.34"पू	23°30'9.41"उ
51	नौरादेही	सिहरी	दामोह	79°21'47.23"पू	23°27'20.99"उ
52	नौरादेही	धाना	दामोह	79°19'43.62"पू	23°25'36.86"उ
53	नौरादेही	चीमा धाना	दामोह	79°20'24.18"पू	23°25'36.94"उ
54	नौरादेही	चिखली	दामोह	79°19'51.78"पू	23°19'44.88"उ
55	नौरादेही	बन्सी	दामोह	79°20'21.43"पू	23°19'37.27"उ
56	नौरादेही	पिदराई	दामोह	79°19'56.58"पू	23°18'57.17"उ
57	नौरादेही	कोपादेओरी	दामोह	79°20'33.73"पू	23°17'46.88"उ
58	नौरादेही	तारादेही	दामोह	79°20'57.92"पू	23°17'18.42"उ
59	नौरादेही	झमरा	दामोह	79°19'20.02"पू	23°15'13.12"उ
60	नौरादेही	पिपला	दामोह	79°18'48.89"पू	23°16'50.68"उ
61	नौरादेही	खनतारा	दामोह	79°18'38.85"पू	23°17'41.53"उ
62	नौरादेही	सरसबागली	दामोह	79°19'23.52"पू	23°16'1.93"उ
63	नौरादेही	छोरखमारिया	दामोह	79°19'39.43"पू	23°16'29.97"उ
64	नौरादेही	सररातुदा	दामोह	79°19'10.88"पू	23°16'0.39"उ
65	नौरादेही	कोटखेड़ा	दामोह	79°19'14.07"पू	23°15'13.19"उ
66	नौरादेही	कोसमदा	दामोह	79°18'57.07"पू	23°14'26.60"उ
67	नौरादेही	रामखिरिया	नरसिंहपुर	79° 9'49.02"पू	23° 5'47.79"उ
68	नौरादेही	बंदरोहा	नरसिंहपुर	79°20'9.62"पू	23° 6'35.24"उ
69	नौरादेही	खापा	नरसिंहपुर	79°20'34.70"पू	23° 7'26.86"उ
70	नौरादेही	मातापुर	नरसिंहपुर	79°21'13.15"पू	23° 7'9.98"उ
71	नौरादेही	विक्रमपुर	नरसिंहपुर	79°21'41.17"पू	23° 8'58.67"उ


IndiaCode

उपाबंध III क

नौरादेही अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध ।।।ख


ECO-SENSITIVE ZONE
NORADEHI WILDLIFE SANCTUARY
MADHYA PRADESH
0 5 10 km
LEGEND
Eco Sensitive Zone Boundary
Wildlife Sanctuary Boundary
Eco Sensitive Zone
Wildlife Sanctuary
N
S
E
W
79°0'0"E
79°10'0"E
79°20'0"E
79°30'0"E
23°40'0"N
23°30'0"N
23°20'0"N
23°10'0"N

उपाबंध IIIग

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के साथ-साथ बिन्दुओं के जीपीएस निर्देशांक

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के बिन्दुओं के जी. पी. एस. निर्देशांक

क्र. सं.	जीपीएस	देशान्तर	अक्षांश
1	ई01	79° 16.500' पू	23° 42.388' उ
2	ई 02	79° 21.088' पू	23° 40.204' उ
3	ई 03	79° 18.013' पू	23° 34.866' उ
4	ई 04	79° 23.292' पू	23° 32.406' उ
5	ई 05	79° 21.949' पू	23° 29.802' उ
6	ई 06	79° 19.467' पू	23° 25.207' उ
7	ई 07	79° 20.789' पू	23° 21.553' उ
8	ई 08	79° 20.643' पू	23° 17.606' उ
9	ई 09	79° 18.365' पू	23° 15.137' उ
10	ई 10	79° 19.090' पू	23° 10.759' उ
11	ई 11	79° 22.446' पू	23° 10.076' उ
12	ई 12	79° 20.571' पू	23° 7.251' उ
13	ई 13	79° 16.797' पू	23° 5.822' उ
14	ई 14	79° 11.305' पू	23° 6.231' उ
15	ई 15	79° 7.061' पू	23° 5.773' उ
16	ई 16	79° 6.999' पू	23° 9.226' उ
17	ई 17	79° 4.375' पू	23° 12.324' उ
18	ई 18	79° 6.767' पू	23° 15.489' उ
19	ई 19	79° 5.825' पू	23° 19.172' उ
20	ई 20	79° 4.940' पू	23° 22.377' उ
21	ई 21	79° 7.064' पू	23° 26.747' उ
22	ई 22	79° 5.945' पू	23° 28.291' उ
23	ई 23	79° 8.172' पू	23° 30.433' उ
24	ई 24	79° 10.730' पू	23° 33.224' उ
25	ई 25	79° 9.451' पू	23° 35.585' उ
26	ई 26	79° 12.681' पू	23° 38.197' उ

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के बिन्दुओं के जी. पी. एस. निर्देशांक

क्र. सं.	जीपीएस	देशान्तर	अक्षांश
1	ई 01	79° 15.931' पू	23° 43.366' उ
2	ई 02	79° 20.673' पू	23° 40.930' उ
3	ई 03	79° 22.504' पू	23° 38.155' उ

IndiaCode

4	ई 04	79° 23.757' पू	23° 34.192' उ
5	ई 05	79° 22.000' पू	23° 30.831' उ
6	ई 06	79° 20.006' पू	23° 24.548' उ
7	ई 07	79° 22.065' पू	23° 22.205' उ
8	ई 08	79° 20.063' पू	23° 18.754' उ
9	ई 09	79° 19.990' पू	23°14.498' उ
10	ई 10	79° 19.762' पू	23° 11.194' उ
11	ई 11	79° 22.944' पू	23° 9.795' उ
12	ई 12	79° 20.803' पू	23° 6.824' उ
13	ई 13	79° 17.141' पू	23° 5.351' उ
14	ई 14	79° 12.153' पू	23° 6.190' उ
15	ई 15	79° 6.513' पू	23° 4.912' उ

IndiaCode

उपाबंधIV

पारिस्थितिकी संवेदी जोन निगरानी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th September, 2017

S.O. 3133(E).— WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 1972(E), dated the 2nd June, 2016, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

WHEREAS, no objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHERAS, Nauradehi Wildlife Sanctuary situated in Sagar, Damoh and Narshingpur districts in the State of Madhya Pradesh and spread over an area of 1197.04 square kilo meters represents the floral and faunal attributes of the Central Indian forested landscape;

AND WHEREAS, the Nauradehi Wildlife Sanctuary is drained by two rivers namely Bamner and Bearma and the Nauradehi Wildlife Sanctuary is itself a water divide of two main river systems the Ganga and the Narmada and the Bamner and the Bearma drains the north and joins the Ken-Betwa rivers and the Rivulets that drain the southern part of Dongargaon range, flow south to join the Narmada;

AND WHEREAS, most parts of the Nauradehi Wildlife Sanctuary are more or less a plain area but in the southern part falling in Narshingpur district, the tract is hilly and most parts of the Nauradehi Wildlife Sanctuary have a savannah type of grassland with sparse trees and not much dense undergrowth;

AND WHEREAS, the Nauradehi Wildlife Sanctuary is rich in bio-diversity and classified in category "C6 Deccan Peninsula Central Highland Zone" as per Rogers and Pawar classification and the floral diversity include tree species (Teak, Saja, Arjun, Bhirria, Bel, Aonla etc,), herbs (*Alternendra* sp, *Andrograpis* sp, *Acheranthus* sp, *Amaranthus* sp, etc) and shrubs species (l*Lantana* sp, *Calotropis* sp,) climbers (*Cryptolepis buchanani*, *Butea superba*, *Combretum decandrum*, etc,) and grasses (*Andropogon* sps, *Chrisopogon* sps, *Hetreropogon* sps, *Cyanadon* sp, *Cenchrus* sps, etc,) and bamboo species(*Dendrocalamus strictus* and *Bambusa arundinacea*);

AND WHEREAS, the faunal bio-diversity consists of Panther, Sloth Bear, Wild dog, Hyena, Indian Wolf, Indian Fox and Jackal in Carnivores and Sambhar, Nilgai, Chinkara, Cheetal, Black buck (At the peripheries) and wild boar among herbivores, birds (Northern pin-tail, black stork, Wooly necked stork, Painted stork, Black ibis, etc,), fish(*Channa* sps, *Barbeo* sps *Daleo* sps, *Labeo* sps, etc,), reptiles (Marsh Crocodile, River terrapin, Blood guana, etc,) and various species of amphibians that have been recorded in the Nauradehi sanctuary;

